कार्यालय : अध्यक्ष, शपथ आयुक्त नियुक्ति समिति, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश
महिला उत्पीड़न प्रकरण ,भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांकः. स्था. / 2023 / 5706 25 दिनांक : 18.09.2023

: : **विज्ञप्ति** : :

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के पत्रांक Gen/X1X/Misc/2023/1419 दिनांक 11.09.2023 के अनुक्रम में एवं सामान्य नियम (दीवानी एवं दाण्डिक) 2018 के नियम 52 आदेश 20, नियम 01 आदेश 45 तथा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के परिपत्र क्रमांक 47 दिनांक 10.11.1970 के तहत भीलवाड़ा न्याय क्षेत्र में जिला मुख्यालय एवं तालुका स्तर पर स्थित न्यायालयो में दीवानी एवं आपराधिक प्रकरणों में शपथ पत्र के सत्यापन हेतु वर्ष 2024 के लिए शपथ आयुक्त की नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिवक्तागण से आवेदन आमंत्रित किए जाते है ।

अतः शपथ आयुक्त नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिवक्ता अपना आवेदन नाम, जन्म तिथि, एनरोलमेन्ट नंबर मय दिनांक, स्थानीय बार द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के आधार पर अधिवक्ता का व्यवसाय प्रारंभ करने का कमांक व दिनांक, मुख्यालय का नाम जहां अधिवक्ता के रूप में पैरवीरत है, मुख्यालय का नाम जजहां सिविल अथवा आपराधिक मामलों हेतु शपथ आयुक्त के रूप में नियुक्ति चाहता है, आदि का विवरण अंकित करते हुए) एनरोलमेन्ट प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति, जन्म तिथि की पुष्टि हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति व स्थानीय बार द्वारा जारी मूल अनुभव प्रमाण पत्र सहित दिनांक 3.10.2023 को सायं 05.00 बजे तक जिला मुख्यालय हेतु इस कार्यालय में एवं तालुका स्तर हेतु सम्बन्धित वरिष्ठतम न्यायालय के कार्यालय में व्यक्तिशः / डाक / अधिकृत ई–मेल द्वारा प्रस्तुत करें। नियत दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा आवेदन पत्र में वांछित विवरण पूर्ण नहीं होने पर एवं समस्त वांछित दस्तावेजात संलग्न नहीं होने पर प्रथमदृष्टया ही खारिज कर दिये जायेंगे।

-sd-
अध्यक्ष
शपथ आयुक्त नियुक्ति समिति,
अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश,
महिला उत्पीड़न प्रकरण ,भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांकः स्था. / 230/ 2023 / दिनांक : 18.09.2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. भीलवाड़ा न्याय क्षेत्र के समस्त न्यायालयों को उनके न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु प्रेषित है।
2. अपर जिला एवंसेशन न्यायाधीश शाहपुरा / गुलाबपुरा,गंगापुर, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्यन्यायिक मजिस्ट्रेट मांडलगढ़ / जहाजपुर / माण्डल / रायपुर,सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिकमजिस्ट्रेट आसीन्द / बिजौलिया / कोटड़ी / न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय सुवाणा को प्रेषित कर लेख है कि आपके मुख्यालय पर शपथ आयुक्त नियुक्ति हेतु अधिवक्तागण के प्राप्त समस्त आवेदन मूल ही सूची सहित इस कार्यालय को दिनांक 3.10.2023 को प्रातः 10 बजे भिजवाना सुनिश्चित करें।
3. अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा / अध्यक्ष अभिभाषक संघ .... अपनी संस्था के समस्त सदस्यगणों को सूचित करावें एवं अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर इस विज्ञप्ति को चस्पा करें।
4. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय ,भीलवाड़ा इस विज्ञप्ति को इस कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. नोटिस बोर्ड अदालत हाजा
6. स्थापनानुभाग, जिला न्यायालय, भीलवाडा

अध्यक्ष
शपथ आयुक्त नियुक्ति समिति,
अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश,
महिला उत्पीड़न प्रकरण ,भीलवाड़ा (राज.)